## सुकमा में आईईडी धमाका

# एएसपी आकाश राव गिरपुंजे शहीद, एसडीओपी और थाना प्रभारी घायल

**सुकमा । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोन्टा क्षेत्र में नक्सलियों ने एक बार फिर खूनी वारदात को अंजाम दिया। सोमवार सुबह कोन्टा से लगे चिकवार गुड़ा खदान में नक्सलियों द्वारा पोकलेन मशीन को आग लगाने की घटना की जांच करने पहुंचे एएसपी आकाश राव गिरपुंजे, एसडीओपी और थाना प्रभारी पर घात लगाकर हमला किया गया। जांच के दौरान अचानक एक आईईडी ब्लास्ट हुआ, जिसमें एएसपी गिरपुंजे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल अवस्था में उन्हें तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी शहादत हो गई। इस हमले में एसडीओपी और थाना प्रभारी भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उनका इलाज जारी है। नक्सलियों की इस?रहर वारदात से सुरक्षा बलों में शोक की लहर है।

यह घटना नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार जारी हिंसा की एक और दुखद मिसाल है। शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे कर्तव्यनिष्ठ और जांबाज अधिकारी के रूप में जाने जाते थे। उनकी शहादत को लेकर राज्य पुलिस और प्रशासनिक अमले में गहरा दुख है। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात की समीक्षा की है। सरकार की ओर से शहीद अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है और घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए गए हैं।

एएसपी आकाश गिरिपुंजे पर हमले की थी तैयारी, नक्सलियों ने पहले से बिछा रखा था जाल

सुकमा जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर अपनी कायराना करतूत को



अंजाम देते हुए एक आईईडी विस्फोट में एडिशनल एसपी आकाश राव गिरिपुंजे को शहीद कर दिया। यह हृदय विदारक घटना कोन्टा क्षेत्र के पास उस समय हुई जब एएसपी गिरिपुंजे एक पोकलेन मशीन में आग लगाए जाने की सूचना पर घटनास्थल पर रवाना हुए थे। जिला पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि नक्सलियों ने कोन्टा के पास एक पोकलेन मशीन को आग के हवाले कर दिया था। इस सूचना पर कार्रवाई के लिए एएसपी आकाश गिरिपुंजे, डीएसपी चंद्राकर और थाना प्रभारी सोनल ग्वाला के साथ मौके पर पहुंचे थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान, देश सेवा में जुटे एएसपी आकाश गिरिपुंजे नक्सलियों द्वारा छिपाए गए एक आईईडी (आईईडी) विस्फोटक की चपेट में आ गए और उन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया।जैसे ही उनकी शहादत की खबर उनके घर पहुंची, पूरे परिवार और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। हर आंख नम है और सभी उन्हें एक बहादुर अधिकारी और नेक इंसान के रूप में याद कर रहे हैं। एसपी किरण चव्हाण ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि नक्सलियों की इस कायरतापूर्ण हरकत की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द से जल्द पकडऩे के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है।

### राज्यपाल ने जताया शोक

राज्यपाल रमेन डेका ने आज नक्सलियों द्वारा सुकमा के डोंड्रा के निकट किए गए आईईडी विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरीपुंजे के शहीद हो जाने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की सद्गति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है।

### मुख्यमंत्री साय ने दी श्रद्धांजलि, नक्सलियों को कड़ी चेतावनी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए कायराना आईईडी विस्फोट में असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एएसपी) आकाश राव गिरपुंजे के शहीद होने पर गहरा दुख जताया है. मुख्यमंत्री साय ने इस घटना को "अत्यंत दुखद" बताते हुए शहीद एएसपी आकाश की शहादत को नमन किया. मुख्यमंत्री साय ने बताया कि इस हमले में कुछ अन्य अधिकारी और जवान भी घायल हुए हैं, और उन्होंने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं. उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें उन्हें लगातार सफलता मिल रही है. मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि नक्सलियों की यह कायराना हरकत उनकी बौखलाहट का नतीजा है, और उन्हें इसका अंजाम भुगतना होगा. उन्होंने दृढ़ता से कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा. मुख्यमंत्री साय ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है.

### गृहमंत्री विजय शर्मा ने व्यक्त किया गहरा दुख

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में हुए एक नक्सली आईईडी विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए हैं। इस दुखद घटना में कई अन्य जवान भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा करते हुए शहीद गिरिपुंजे की बहादुरी को सलाम किया है। गृहमंत्री शर्मा ने बताया कि आकाश राव गिरिपुंजे कोंटा क्षेत्र में तैनात थे और वे एक बेहद बहादुर अधिकारी थे, जिन्हें उनकी वीरता के लिए 'गैलेंट्री अवार्ड' से भी नवाजा गया था। शर्मा ने कहा, यह हम सभी के लिए बेहद दुखद है। इस घटना के पीछे नक्सलियों की कायराना करतूत एक बार फिर से सामने आई है। उन्होंने आगे कहा कि जवानों की ताकत बेजोड़ है और इस घटना के बाद भी नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गृहमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि नक्सलियों से बातचीत की स्थिति बनती रहती है, लेकिन ऐसी कायराना हरकत के बाद अब वो भी नहीं रही।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सर्पदंश के एक प्रकरण में 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम-चिलकागुड़ा निवासी हिमांशु राठिया की 29 सितम्बर 2024 को सर्पदंश के कारण असामयिक मृत्यु होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा द्वारा प्रस्तुत प्रकरण का परीक्षण उपरांत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान अनुसार मृतक की माता रवीना राठिया को 4 लाख रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त विभिन्न पदों पर कौशल परीक्षा/ साक्षात्कार हेतु तिथि निर्धारित

**रायगढ़।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत 31 प्रकार के 211 विभिन्न संविदा रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं दावा आपत्ति निराकरण उपरांत पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची रायगढ़ जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in पर अपलोड किया गया है। जिसके आधार पर अलग-अलग पदों के लिए कौशल परीक्षा दक्षता/ साक्षात्कार हेतु 17 से 23 जून 2025 तक प्रात: 10 बजे से तिथि निर्धारित किया गया है। आवेदक वेबसाईट में सूची का अवलोकन करते हुए निर्धारित तिथि में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते है। साक्षात्कार/ दक्षता/ कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी को पदवार निर्धारित तिथि एवं समय में एक घंटा पूर्व निर्धारित परीक्षा स्थल-कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भगवानपुर जिंदल रोड, रायगढ़ में उपस्थिति देना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि के अतिरिक्त अन्य तिथियों में साक्षात्कार हेतु अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर अनंतिम सूची जारी

**अभ्यर्थी 16 जून तक कर सकते हैं दावा-आपत्ति**

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कोड़तराई क्रमांक 2 (बसंतपुर)में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र कुकुर्दा, तेन्दूडीपा, काशीचुंआ, कोसमपाली में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद के लिए गत दिवस आवेदन मंगाए गए थे। मूल्यांकन समिति की बैठक में प्राप्त आवेदनों पत्रों का परीक्षण कर प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा-आपत्ति परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ ग्रामीण के कार्यालय में 16 जून 2025 सायं 5.30 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्ति आपत्ति दावा-मान्य नहीं किया जाएगा।

## रायगढ़ जिले में पीएम आवास योजना तहत निकली भर्ती हेतु अभ्यर्थी 10 जून तक कर सकते हैं दावा-आपत्ति

- अभ्यर्थी किसी भी जानकारी के लिए जिला पंचायत पीएम आवास शाखा के जिला समन्वयक से 8109720525 पर कर सकते हैं संपर्क
- भर्ती के संबंध में दूसरे किसी भी नंबर से आने वाले कॉल या मैसेज से रहें सतर्क

**रायगढ़**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार जिले में प्रशिक्षण समन्वयक, विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के संविदा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को शाम 5.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया था।

पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों द्वारा आवश्यकतानुसार उपरोक्त पद हेतु जारी सूची एवं सूचना का अवलोकन करते हुए दावा-आपत्ति निर्धारित प्रारुप में दिनांक 06 जून 2025 तक प्रस्तुत करने की अवधि प्रदान की गई थी। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिये दावा आपत्ति की अवधि को 10 जून 2025 शाम 5.30 बजे तक बढ़ाया गया। उक्त अवधि में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ के नाम से बंद लिफाफे में आवेदित पद का नाम उल्लेख करते हुए रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किया जा सकता है। दावा आपत्ति आवेदन का प्रारुप एवं विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में, कार्यालय जिला पंचायत रायगढ़ एवं जनपद पंचायत के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

अभ्यर्थियों को उक्त भर्ती के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो जिला पंचायत के आवास शाखा के जिला समन्वयक से मोबा नं. 8109720525 पर संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि किसी भी दूसरे नंबर से कॉल या मैसेज से सतर्क रहें।

## कोतवाली पुलिस की तत्परता से बाइक चोर गिरफ्तार

**चोरी की एक्टिवा बरामद**

**रायगढ़**

शहर के ईतवारी बाजार क्षेत्र से चोरी गई एक्टिवा स्कूटी को कोतवाली पुलिस ने महज दो दिनों में बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर रामभांठा क्षेत्र में वाहन बेचने ग्राहक तलाश रहे संदेही को दबोचा गया, जिसके कब्जे से चोरी की गई स्कूटी CG13Z7384 भी बरामद कर ली गई।



प्रकरण में जानकारी के मुताबिक, 7 जून को प्रार्थी विष्णु प्रसाद गोयल (उम्र 50 वर्ष), निवासी कोतरारोड, रायगढ़ ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह वंदना फार्मेसी, ईतवारी बाजार में कार्यरत है। उसी दिन दोपहर उसने अपनी एक्टिवा स्कूटी वंदना फार्मेसी के सामने खड़ी कर हैंडल लॉक कर दी थी और भीतर काम पर चला गया। लौटने पर पाया कि स्कूटी गायब थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) BNS के तहत अपराध क्रमांक 283/2025 दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रामभांठा क्षेत्र में संजय मैदान के पास चोरी की मोटरसाइकिल बेचने ग्राहक तलाश रहा है। घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी कैलाश यादव पिता मानिक यादव (उम्र 40 वर्ष), निवासी कोतरारोड, शीतल मंदिर के पास को पकड़ा। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने ईतवारी बाजार से स्कूटी चोरी की थी और अब उसे बेचने की फिराक में था।

आरोपी के मेमोरेंडम पर स्कूटी CG13Z7384 को जब्त कर लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में महिला प्रधान आरक्षक बसंती खुंटे, आरक्षक उत्तम सारथी, मनोज पटनायक, कमलेश यादव व रोशन एक्का की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में कोतवाली पुलिस वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार सक्रिय है।

## कापू पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रिमांड पर पेश कर भेजा जेल**

**रायगढ़**

कापू थाना क्षेत्र में एक किशोर बालिका से जबरन दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी एवं अपराध में सहयोगी रहे विधि के साथ संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना की शिकायत पीड़िता ने 6 जून को थाने में दर्ज कराई थी, जिसमें उसने चार साल पुराने संबंधों के बीच उत्पन्न विवाद और हालिया घटना की जानकारी दी।



पीड़िता ने बताया कि संदीप तिर्की से उसकी जान-पहचान वर्ष 2021 से थी और दोनों के बीच बातचीत होती थी। इसी दौरान दिसंबर 2021 में क्रिसमस की रात आरोपी संदीप ने उसे घर से बाहर बुलाकर खेत में ले जाकर जबरदस्ती की थी, जिसके बाद दोनों के संबंध बिगड़ते चले गए। पीड़िता ने संदीप से बात करना बंद कर दिया था, इसी बीच एक अन्य लड़के (विधि से संघर्षरत बालक) से बालिका का संपर्क हुआ।

शिकायत के अनुसार, 6 जून 2025 की रात विधि से संघर्षरत बालक ने पीड़िता को फोन कर मोबाइल चार्जर लौटाने के बहाने से बुलाया। जब पीड़िता बाहर आई, तो वहां संदीप छिपा मिला। दोनों लड़कों ने मोटरसाइकिल से पीड़िता को जबरन जंगल की ओर ले गए। वहां संदीप ने साथ रहने का दबाव बनाया और पीड़िता के साथ जबरदस्ती की। बालिका के आवेदन पर थाना कापू में 87/2025 धारा 137(2),65(1), 3(5) बीएनएस, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कापू थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित बंजारे ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप तिर्की 20 साल पत्थलगांव जिला जशपुर को गिरफ़्तार कर उसे रिमांड पर भेजा गया है। मामले में विधि के साथ संघर्षरत बालक की सहयोगी भूमिका पर हिरासत में लेकर किशोर न्यायालय पेश किया गया है।

## प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वी में प्रवेश

**प्राक्चयन परीक्षा परिणाम का दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 10 जून**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वी में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम विभागीय वेबसाइट http://eklavya.cg.nic.in पर अपलोड किया गया है।

आवेदक वेबसाइट पर दर्शित परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नंबर का मिलान कर लेवे। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कोसीर रोड कॉलेज के पास सारंगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर 10 जून 2025 तक दावा-आपत्ति जमा कर सकते है। डाक द्वारा दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। अंतिम तिथि समाप्ति पश्चात् दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में 12 से 17 जून के मध्य पात्र/अपात्र सूची का कर सकते है अवलोकन

- मेरिट सूची के अभ्यर्थी 19 से 24 जून के मध्य करा सकते है दस्तावेज सत्यापन

**रायगढ़**

जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती किए जाने हेतु गूगल फार्म के माध्यम से आवेदन मंगाए गए थे। जिसके आधार पर अभ्यर्थी 12 से 17 जून 2025 के मध्य पात्र/अपात्र की सूची जिले के वेब साईट https://raigarh.gov.in पर अवलोकन कर सकते है।

जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार पात्र/अपात्र सूची जारी होने के उपरांत अभ्यर्थियों को दावा-आपत्ति के लिए तीन दिवस का समय दिया जाएगा। अभ्यर्थी जिस हेतु दावा करेंगे, वे दस्तावेज आवेदन के साथ कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ में प्रस्तुत करेंगे। जिसके उपरांत 19 से 24 जून 2025 के मध्य मेरिट सूची 1:3 में अभ्यर्थियों को निर्धारित स्थान/ समय/ दिनांक में दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जाएगा। (मेरिट सूची में इसकी सूचना पृथक से दी गई होगी)दस्तावेज सत्यापन के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर तत्काल अभ्यर्थी को अपात्र किया जाएगा। जिन पदों हेतु अंग्रेजी माध्यम अनिवार्य है उस पद में यदि हिन्दी माध्यम के अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया है तो उन्हें सत्यापन के दौरान अपात्र किया जाएगा। अभ्यर्थी निरंतर जिले के वेबसाईट का अवलोकन करते रहे।

## एकलव्य विद्यालय: कक्षा 6 वीं में 12 जून तक ले सकते है प्रवेश

**रायगढ़**

सहायक आयुक्त/ सचिव जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए 12 जून 2025 की तिथि निर्धारित की गई है। संबंधित विद्यार्थी एवं पालकगण उक्त तिथि में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है। समयावधि में प्रवेश हेतु उपस्थित नहीं होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

सहायक आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं हेतु जारी जिला स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु निर्धारित आरक्षण अनुसार 14 एवं 15 मई तथा 22 मई 2025 तक प्रवेश हेतु काउंसलिंग किया गया। काउंसलिंग उपरांत जिला अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश सूची जारी किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

# मातृ मृत्यु दर में कमी लाने स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित हुआ विशेष स्वास्थ्य शिविर

- स्त्री रोग विशेषज्ञों की देखरेख में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच
- प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को होगा आयोजन

**रायगढ़**

मातृ मृत्यु दर को कम किये जाने हेतु प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का विशेष अभियान रायगढ़ जिले के समस्त विकास खण्ड में किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले महिलाओं की पहचान कर विशेषज्ञ तथा प्रशिक्षित चिकित्सकों



द्वारा गुणवत्ता पूर्वक सम्पूर्ण जांच एवं प्रबंधन सुनिश्चित करना है। उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं का समुचित प्रबंधन एवं सुनियोजित सुनिश्चित कर राज्य में मातृ मृत्यु अनुपात को कम किया जा रहा है। प्रत्येक माह के 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस जिलों के समस्त जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जा रहा है।

इसके तहत् रायगढ़ जिले में आज समस्त सामुदायिक केंद्र व एम.सी.एच. में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं को लेबर रूम और ऑपरेशन थियेटर का विजिट कराया गया जिससे उनका प्रसव संबंधी तनाव कम हो और उन्हें सुरक्षित प्रसव के लिए मानसिक रूप से तैयार किया जा सके। जिला प्रशासन ने सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है वे इस अभियान का लाभ उठाये और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करें।

सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत ने स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़, डॉ. भानू प्रताप पटेल जिला परिवार कल्याण अधिकारी द्वारा सामुदायिकस्वास्थ्य केन्द्र पुसौर, डॉ.टी.जी कुलवेदी जिला मलेरिया अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा, डॉ.सुमित कुमार मण्डल जिला नोडल अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र धरमजयगढ़, रंजना पैंकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोंईग, डॉ. राजेश मिश्रा आर.एम.सी.एच.ए.(सलाहकार) द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार, डॉ. कल्याणी पटेल एपीडेमोलॉजिस्ट द्वारा सिविल अस्पताल खरसिया, सुरेश गुप्ता जिला कार्यक्रम समन्वयक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा एवं डॉ. सोनाली मेश्राम शहरी जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा रायगढ़ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निरीक्षण किया गया।

**स्त्री रोग विशेषज्ञों ने की गर्भवती महिलाओं की जांच-** इस अवसर पर प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं का संपूर्ण जांच किया गया। प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का आवश्यक जांच हिमोग्लोबिन, ब्लाड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, मलेरिया, एच.आई.व्ही., वजन, ऊचाई, टैबलेट आयरन, कैलशियम और अपने शरीर की स्वच्छता के बारे में महिला चिकित्सा द्वारा विशेष रूप से उपचार काउसलिंग की गई। समस्त हितग्राहियों के खानपान की संपूर्ण व्यवस्था की गई थी, उसके पश्चात् उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का निजी सोनोग्राफी सेन्टरों में नि:शुल्क जांच कराया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480